भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-750
जिसका उत्तर 21 जुलाई, 2022 को दिया जाना है ।

अविद्युतीकृत गांव

750. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 2022 तक देश के सभी गांवों का विद्युतीकरण कर दिया जाएगा;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कितने गांवों का विद्युतीकरण किया जाना बाकी है;

(ग) क्या ओडिशा के मयूरभंज जिले के बैदापोसी गांव का विद्युतीकरण होना अभी बाकी है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इसका विद्युतीकरण कब तक कर दिए जाने की संभावना है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ङ) : जैसा कि राज्यों द्वारा सूचित किया गया है, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) के अंतर्गत दिनांक 28 अप्रैल, 2018 तक की स्थिति के अनुसार देश भर के सभी आवासित गैर-विद्युतीकृत जनगणना गांव विद्युतीकृत हो गए हैं। ओडिशा राज्य सरकार ने सूचित किया है कि ओडिशा के मयूरभंज जिले में बैदापोसी गांव विद्युतीकृत है।

****